# इंटरनैशनल फिल्म सिटी का नक्शा पास, रनवे और हेलिपैड भी बनेंगे

**NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा :** यीडा सिटी में इंटरनैशनल फिल्म सिटी के पहले चरण का निर्माण शुरू करने के लिए यमुना अथॉरिटी ने सोमवार को नक्शा पास कर दिया। फिल्म निर्माता बोनी कपूर यीडा दफ्तर पहुंचे और नक्शा लिया। पहले चरण में निर्माण के लिए 80 एकड़ का नक्शा पास हुआ है। इस एरिया में फिल्म स्टूडियो और इंस्टिट्यूट से जुड़े काम होंगे। 20 एकड़ में ग्रीन बेल्ट विकसित करनी होगी। इसके बाद बाकी का 150 एकड़ का नक्शा स्वीकृत किया जाएगा। पहले चरण में कुल 230 एकड़ एरिया में फिल्म सिटी विकसित होनी है। पिछले महीने बोनी कपूर और भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी ने 230 एकड़ का नक्शा पेश किया था। लेआउट प्लान से मिलान करने पर कई कमियां मिलने पर इसे साथ लौटा दिया गया था।

54 एकड़ में फिल्म स्टूडियो, साउंड स्टेज, पोस्ट-प्रोडक्शन यूनिट और अन्य काम होने हैं। एरोप्लेन और हेलिकॉप्टर से शूटिंग के लिए रनवे और हेलिपैड भी बनाए जाएंगे। कंपनी के साथ 27 जून 2024 को कंसेशन एग्रीमेंट साइन हुआ था। इसके तहत एक वर्ष में निर्माण कार्य शुरू करना होता है। यह समय 27 जून को पूरा हो रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि 27 जून से पहले इसका शिलान्यास हो सकता है।



फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने यीडा दफ्तर पहुंच नक्शा लिया

> अभी 80 एकड़ में निर्माण की अनुमति है। पहले ग्रीन बेल्ट और फिल्म से जुड़ी गतिविधियां विकसित करनी होंगी। इसके बाद बाकी का नक्शा पास होगा। एग्रीमेंट के अनुसार, 27 जून तक शिलान्यास करना होगा।
>
> -डॉ. अरुणवीर सिंह,
> सीईओ, यमुना प्राधिकरण